संख्या-83/24-ऊ0नि0नि0प्र0/25/10 प्रकोष्ठ/2023

प्रेषक

राज कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा मेंए

प्रबन्धं निदेशक,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन,लखनऊ।

ऊर्जा (नि0नि0प्र0) प्रकोष्ठ लखनऊः दिनांकः 07 मई 2025

विषयः प्रतिस्पर्धात्मक बिडिंग के आधार पर 2x800 मे०वा० (1600 मे०वा०) तापीय पावर परियोजना से कुल 1500 मे०वा० (ex-bus) ऊर्जा क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या 1314-नि0/यू0एम0पी0पी0-1/1600 मे0वा0/ डीबीएफओओ दिनांक 06-12-2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में सम्यक विचारोपरान्त निम्नवत निर्णय लिए गये है:-.

I. निविदा सं0 02/नि0/यू0एम0पी0पी0 01/थर्मल्/2x800 मे0वा0/2024 दिनांक 06-03-2024 के अन्तर्गत प्रतिस्पर्धात्मक बिडिंग के आधार पर स्थापित क्षमता 2x800 मे0वा0 (1600 मे0वा0) तापीय परियोजना से कुल 1500 मे0वा0 (ex-bus) ऊर्जा क्रय किये जाने की बिडिंग प्रक्रिया में न्यूनतम बिडर मे0 अडानी पावर लि0 द्वारा बिड जिसमे फिक्सड चार्ज रू0 3.727 प्रति यूनिट एवं फ्यूल चार्ज रू0 1.656 प्रति यूनिट है, को स्वीकार किया जाये एवं बिड डयू डेट 10-10-2024 पर मे0 अडानी पावर लि0 द्वारा उपलब्ध करायी गयी बिड के अन्य समस्त टेरिफ पैरामीटर (फ्यूल चार्ज सहित) यथावत रहेंगे।

II. चूंकि वर्तमान बिड में डेवलपर द्वारा MoEF&CC की वर्तमान नीतियों के अनुसार अनुमानित लागत को वित्तीय बिड में सम्मिलित किया गया है। अत: यदि नीति आयोग की दिनांक- 24-09-2024 की रिपोर्ट के दृष्टिगत MoEF&CC के नोटीफिकेशन होने के पश्चात एफजीडी की आवश्यकता न होने पर Change in Law के दृष्टिगत में0 अडानी पावर लि0 द्वारा तदनुसार फिक्सड चार्ज में

एफजीडी कॉस्ट को समायोजित किया जायेगा। यदि इस लागत पर आपसी सहमति नहीं बनती है तो उक्त लागत एवं तत्क्रम में टैरिफ निर्धारण पर निर्णय मा0 उ0प्र0 विद्युत नियामक आयोग से प्राप्त किया जायेगा।

III. मे0 अडानी पावर लिमिटेड को सफल बिडर घोषित करने एवं प्रदेश में स्थापित होने वाली 2x800 मे0वा0 तापीय परियोजना से 1500 मे0वा0 (ex-bus) दीर्घकालीन ऊर्जा बिड की शर्तो के अनुसार कुल टैरिफ रू0 5.383 प्रति यूनिट पर 25 वर्षो की अवधी के लिए पावर सप्लाई एग्रीमेन्ट (पी0एस0ए0) किया जाये।

IV. मे0 अडानी पावर लिमिटेड को प्रतिस्पर्धात्मक बिडिंग के आधार पर सफल बिडर घोषित करने एवं प्रदेश मे स्थापित होने वाली 2x800 मे०वा० 1500 मे०वा० (ex-bus) दीर्घकालीन ऊर्जा कुल टैरिफ रू0 5.383 प्रति यूनिट (बिड डयू डेट पर) पर क्रय करने के सम्बन्ध में मा0 उ0प्र0 विद्युत नियामक आयोग से अनुमोदन/टैरिफ एडॉप्शन प्राप्त कर लिया जाये।

2- अत: अनुरोध है कि कृपया तदनुसार प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

राज कुमार
विशेष सचिव